Series **PQ3RS/3**

**Set – 3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **67/3/3**

अनुक्रमांक
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **39** हैं ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
- *Please check that this question paper contains **39** printed pages.*
- *Please check that this question paper contains **34** questions.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*



ZOLLEGE

~~~

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***34*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र* **दो** *भागों में विभाजित है —* ***भाग क*** *तथा* ***भाग ख*** *।*

*(iii)* ***भाग क*** *सभी परीक्षार्थियों के लिए* ***अनिवार्य*** *है ।*

*(iv)* ***भाग ख*** *के दो विकल्प हैं । परीक्षार्थियों को केवल* **एक** *ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*
***विकल्प I :*** ***वित्तीय विवरणों का विश्लेषण***
***विकल्प II :*** ***अभिकलित्र लेखांकन***

*(v)* *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***16*** *(भाग क) तथा प्रश्न संख्या* ***27*** *से* ***30*** *(भाग ख) बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या* ***17*** *से* ***20*** *(भाग क) तथा प्रश्न संख्या* ***31*** *और* ***32*** *(भाग ख) लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंकों का है ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या* ***21, 22*** *(भाग क) तथा प्रश्न संख्या* ***33*** *(भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंकों का है ।*

*(viii)* *प्रश्न संख्या* ***23*** *से* ***26*** *(भाग क) तथा प्रश्न संख्या* ***34*** *(भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***6*** *अंकों का है ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, प्रत्येक भाग के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*

## भाग क

## (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

**1.** *अभिकथन (A) :* जब अंशों/शेयरों का हरण (forfeit) किया जाता है, तो अंश/शेयर पूँजी खाते के नाम में माँगी गई राशि तथा जमा में (i) सम्बन्धित अदत्त याचना खाता अर्थात् अदत्त याचना तथा (ii) अंश/शेयर हरण (forfeit) खाते में अंशों/शेयरों पर पहले से ही प्राप्त राशि होती है ।

*कारण (R) :* जब अंशों/शेयरों का हरण (forfeit) किया जाता है, तब केवल प्रतिभूति प्रीमियम से सम्बन्धित प्रविष्टियों को छोड़कर अंश/शेयर हरण (forfeit) खाते से सम्बन्धित सभी प्रविष्टियों को जिनका लेखा, लेखांकन पुस्तकों में कर दिया गया है, उलट दिया जाता है ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(C) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(D) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है ।



ZOLLEGE
~~~

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided into **two** parts — **Part A** and **Part B**.*

*(iii)* ***Part A** is **compulsory** for all candidates.*

*(iv)* ***Part B** has two options. Candidates have to attempt only **one** of the given options.*

***Option I : Analysis of Financial Statements***

***Option II : Computerised Accounting***

*(v)* *Questions number **1** to **16** (Part A) and Questions number **27** to **30** (Part B) are multiple choice questions. Each question carries **1** mark.*

*(vi)* *Questions number **17** to **20** (Part A) and Questions number **31** and **32** (Part B) are short answer type questions. Each question carries **3** marks.*

*(vii)* *Questions number **21, 22** (Part A) and Question number **33** (Part B) are Long answer type-I questions. Each question carries **4** marks.*

*(viii)* *Questions number **23** to **26** (Part A) and Question number **34** (Part B) are Long answer type-II questions. Each question carries **6** marks.*

*(ix)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in few questions in each of the parts.*

## PART A

**(Accounting for Partnership Firms and Companies)**

**1.** *Assertion (A) :* When the shares are forfeited, share capital account is debited with the amount called up and credited to (i) respective unpaid calls account i.e., calls in arrears and (ii) share forfeiture account with the amount already received on shares.

*Reason (R) :* When the shares are forfeited, all entries relating to the shares forfeited, except those relating to securities premium, already recorded in accounting records must be reversed.

Choose the correct option from the following : *1*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

(D) Assertion (A) is correct, but Reason (R) incorrect.



ZOLLEGE

**2.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के दिशा-निर्देशों के अनुसार अंशों/शेयरों के आबंटन के लिए न्यूनतम अभिदान निम्न में से किस पूँजी के 90% से कम नहीं हो सकता ? *1*

(A) संचित पूँजी (B) प्राधिकृत पूँजी

(C) अभिदत्त पूँजी (D) निर्गमित पूँजी

**3.** ऐल्फा लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 50,000 समता अंशों/शेयरों को ₹ 110 प्रति अंश/शेयर पर जनता को अभिदान के लिए प्रस्तुत किए । समस्त राशि आवेदन पर देय थी । 48,000 अंशों/शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी आवेदकों को आबंटन कर दिया गया । आवेदन पर प्राप्त राशि होगी : *1*

(A) ₹ 52,80,000 (B) ₹ 55,00,000

(C) ₹ 50,00,000 (D) ₹ 48,00,000

**4.** लेक्सा लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 50,000 समता अंशों/शेयरों को ₹ 2 प्रति अंश/शेयर प्रीमियम पर निर्गमित किया । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

आवेदन एवं आबंटन पर – ₹ 7 प्रति अंश/शेयर (प्रीमियम सहित)

प्रथम एवं अंतिम याचना पर – शेष

निर्गम पूर्ण रूप से अभिदत्त हुआ । 1,000 समता अंशों/शेयरों पर प्रथम एवं अंतिम याचना को छोड़कर सभी राशि विधिवत् प्राप्त हो गई । इन अंशों/शेयरों का हरण (forfeit) कर लिया गया । इन अंशों/शेयरों के हरण (forfeit) पर अदत्त याचना खाते में लिखे जाएँगे : *1*

(A) ₹ 7,000 जमा में (B) ₹ 5,000 नाम में

(C) ₹ 5,000 जमा में (D) ₹ 7,000 नाम में

**5.** ऐसे ऋणपत्र जो ब्याज की कोई विशिष्ट दर वहन नहीं करते हैं, कहलाते हैं : *1*

(A) शून्य कूपन दर ऋणपत्र

(B) विशिष्ट कूपन दर ऋणपत्र

(C) अरक्षित ऋणपत्र

(D) रक्षित ऋणपत्र



ZOLLEGE

2. Minimum subscription for allotment of shares as per Securities and Exchange Board of India (SEBI) guidelines cannot be less than 90% of which of the following capital ? *1*

(A) Reserve Capital (B) Nominal Capital

(C) Subscribed Capital (D) Issued Capital

3. Alfa Ltd. offered for public subscription 50,000 equity shares of ₹ 10 each at ₹ 110 per share. The entire amount was payable on application. Applications were received for 48,000 shares and allotment was made to all the applicants. The amount received on application will be : *1*

(A) ₹ 52,80,000 (B) ₹ 55,00,000

(C) ₹ 50,00,000 (D) ₹ 48,00,000

4. Lexa Ltd. issued 50,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2 per share. The amount was payable as follows :

On application and allotment – ₹ 7 per share (including premium)

On first and final call – Balance

The issue was fully subscribed. All the money was duly received except the first and final call on 1,000 equity shares. These shares were forfeited. On forfeiture of these shares Calls in Arrears Account will be : *1*

(A) credited by ₹ 7,000 (B) debited by ₹ 5,000

(C) credited by ₹ 5,000 (D) debited by ₹ 7,000

5. The debentures which do not carry a specific rate of interest are called : *1*

(A) Zero Coupon Rate Debentures

(B) Specific Coupon Rate Debentures

(C) Unsecured Debentures

(D) Secured Debentures



ZOLLEGE

6. (क) केएलबी लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 3,000 अंशों/शेयरों को, जिन पर ₹ 8 प्रति अंश/शेयर माँगे गए थे, ₹ 2 प्रति अंश/शेयर की प्रथम याचना राशि का भुगतान न करने पर, हरण कर लिया । इन सभी अंशों/शेयरों को ₹ 7 प्रति अंश/शेयर, ₹ 8 प्रदत्त पर पुनः निर्गमित कर दिया गया । पूँजी संचय खाते में हस्तान्तरित की जाने वाली राशि होगी : *1*

(A) ₹ 18,000 (B) ₹ 24,000

(C) ₹ 15,000 (D) ₹ 3,000

**अथवा**

(ख) एनयूके लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 1000 अंशों/शेयरों को, जिन पर पूर्ण राशि माँग ली गई थी, ₹ 2 प्रति अंश/शेयर की अंतिम याचना राशि का भुगतान न करने पर, हरण कर लिया । इनमें से 800 अंशों/शेयरों को ₹ 11 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया । पूँजी संचय खाते में जमा होने वाली राशि होगी : *1*

(A) ₹ 6,400 (B) ₹ 8,000

(C) ₹ 7,200 (D) ₹ 10,000

*निम्नलिखित काल्पनिक स्थिति को पढ़िए तथा इसमें दी गई सूचना के आधार पर प्रश्न संख्या **7** तथा **8** के उत्तर दीजिए :*

रिचा, शीना तथा तापी एक फर्म में साझेदार थीं तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं । साझेदारी संलेख में 10% वार्षिक दर से आहरण पर ब्याज प्रभारित करने का प्रावधान था । 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष में रिचा, शीना तथा तापी के आहरण की राशि क्रमशः ₹ 50,000, ₹ 40,000 तथा ₹ 30,000 थी । 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष का शुद्ध लाभ ₹ 57,000 था ।

7. शीना के आहरण पर ब्याज होगा : *1*

(A) ₹ 5,000 (B) ₹ 4,000

(C) ₹ 3,000 (D) ₹ 2,000

8. तापी का लाभ में भाग होगा : *1*

(A) ₹ 11,500 (B) ₹ 34,500

(C) ₹ 10,500 (D) ₹ 23,000



ZOLLEGE

6. (a) KLB Ltd. forfeited 3,000 shares of 10 each, ₹ 8 per share called up for non-payment of first call of ₹ 2 per share. All these shares were reissued at ₹ 7 per share, ₹ 8 paid up. The amount transferred to Capital Reserve Account will be : *1*

(A) ₹ 18,000 (B) ₹ 24,000

(C) ₹ 15,000 (D) ₹ 3,000

**OR**

(b) NUK Ltd. forfeited 1,000 shares of ₹ 10 each, fully called up for non-payment of final call of ₹ 2 per share. 800 of these shares were reissued at ₹ 11 per share fully paid. The amount credited to Capital Reserve Account will be : *1*

(A) ₹ 6,400 (B) ₹ 8,000

(C) ₹ 7,200 (D) ₹ 10,000

*Read the following hypothetical situation and answer questions No.* ***7*** *and* ***8*** *on the basis of the given information :*

Richa, Sheena and Tapti were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. The partnership deed provided for charging interest on drawings @ 10% p.a. The drawings of Richa, Sheena and Tapti during the year ended $31^{st}$ March, 2023 amounted to ₹ 50,000, ₹ 40,000 and ₹ 30,000 respectively. The net profit for the year ended $31^{st}$ March, 2023 was ₹ 57,000.

**7.** Sheena's interest on drawings will be : *1*

(A) ₹ 5,000 (B) ₹ 4,000

(C) ₹ 3,000 (D) ₹ 2,000

**8.** Tapti's share of profit will be : *1*

(A) ₹ 11,500 (B) ₹ 34,500

(C) ₹ 10,500 (D) ₹ 23,000



Z@LLEGE

9. (क) निक्कू, माला तथा रितु एक फर्म में साझेदार थीं तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभों का विभाजन करती थीं । 30 सितम्बर, 2023 को निक्कू की मृत्यु हो गई । मृतक साझेदार मृत्यु की तिथि तक अपने लाभ के भाग का अधिकारी है जिसकी गणना पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर की जाएगी । पिछले वर्ष का लाभ ₹ 80,000 था । निक्कू का लाभ में भाग होगा : *1*

(A) ₹ 10,000 (B) ₹ 20,000

(C) ₹ 30,000 (D) ₹ 40,000

**अथवा**

(ख) निखिल, अरुण तथा मानसी एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 1 अप्रैल, 2023 से उन्होंने निर्णय लिया कि लाभ-हानि का विभाजन 5 : 3 : 2 के अनुपात में होगा । लाभ-विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण मानसी का अधिलाभ या त्याग होगा : *1*

(A) अधिलाभ $\frac{1}{10}$ (B) त्याग $\frac{3}{10}$

(C) त्याग $\frac{1}{10}$ (D) अधिलाभ $\frac{3}{10}$

10. (क) लता, मेहू तथा नमिता एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 31 मार्च, 2023 को उन्होंने फर्म के विघटन का निर्णय लिया । लेनदारों ने अपनी राशि ₹ 90,000 के आंशिक निपटान में ₹ 80,000 के पुस्तक मूल्य के स्टॉक को 80% पर ले लिया । लेनदारों को शेष राशि का भुगतान चैक द्वारा किया गया । लेनदारों को चैक द्वारा भुगतान की गई राशि होगी : *1*

(A) ₹ 26,000

(B) ₹ 64,000

(C) ₹ 80,000

(D) ₹ 1,44,000

**अथवा**



ZOLLEGE

~~~

**9.** (a) Nicku, Mala and Ritu were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5 : 3 : 2. Nicku died on $30^{th}$ September, 2023. The deceased partner was entitled to his share of profit up to the date of death which was to be calculated on the basis of previous year's profit. The previous year's profit was ₹ 80,000. Nicku's share of profit will be : *1*

(A) ₹ 10,000 (B) ₹ 20,000

(C) ₹ 30,000 (D) ₹ 40,000

**OR**

(b) Nikhil, Arun and Mansi were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 3. With effect from $1^{st}$ April, 2023, they decided to share profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. Due to change in the profit sharing ratio, Mansi's gain or sacrifice will be : *1*

(A) Gain $\frac{1}{10}$ (B) Sacrifice $\frac{3}{10}$

(C) Sacrifice $\frac{1}{10}$ (D) Gain $\frac{3}{10}$

**10.** (a) Lata, Mehu and Namita were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. They decided to dissolve the firm on $31^{st}$ March, 2023. Creditors took over stock of book value of ₹ 80,000 at 80%, in part settlement of their amount of ₹ 90,000. The balance amount was paid to the creditors by cheque. The amount paid by cheque to the creditors will be : *1*

(A) ₹ 26,000

(B) ₹ 64,000

(C) ₹ 80,000

(D) ₹ 1,44,000

**OR**



Z@LLEGE
~~~

(ख) सान्या, सार्थक तथा नित्या एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 31 मार्च, 2023 को उन्होंने फर्म के विघटन का निर्णय लिया । इस तिथि को फर्म में ₹ 3,00,000 की राशि के देनदार थे तथा ₹ 30,000 का संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान था । विघटन पर ₹ 20,000 के देनदार डूब गए तथा शेष देनदारों से 90% की वसूली हुई । देनदारों से वसूल की गई राशि होगी : *1*

(A) ₹ 3,00,000

(B) ₹ 2,25,000

(C) ₹ 2,80,000

(D) ₹ 2,52,000

**11.** (क) हेमा तथा तारा एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । उन्होंने ओजस को एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया । हेमा ने अपने भाग का $\frac{1}{3}$ तथा तारा ने अपने भाग का $\frac{1}{2}$ ओजस के लिए त्याग किया । हेमा, तारा तथा ओजस का नया लाभ-विभाजन अनुपात होगा : *1*

(A) 8 : 9 : 13 (B) 3 : 2 : 5

(C) 2 : 3 : 5 (D) 2 : 3 : 25

**अथवा**

(ख) आरोह, भुवन तथा चारु एक फर्म में साझेदार थे तथा 1 : 2 : 6 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । चारु की मृत्यु हो गई । आरोह तथा भुवन ने चारु के भाग को 2 : 1 के अनुपात में अधिग्रहित किया । चारु की मृत्यु के बाद आरोह तथा भुवन के बीच नया लाभ-विभाजन अनुपात होगा : *1*

(A) 2 : 1 (B) 1 : 2

(C) 5 : 4 (D) 4 : 5

**12.** (क) श्रीकांत तथा अजय एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष में श्रीकांत ने प्रत्येक तिमाही के प्रारम्भ में ₹ 10,000 का आहरण किया । 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष में 6% वार्षिक दर से श्रीकांत के आहरण पर ब्याज होगा : *1*

(A) ₹ 2,400 (B) ₹ 1,200

(C) ₹ 1,500 (D) ₹ 900

**अथवा**



ZOLLEGE

(b) Sanya, Sarthak and Nitya were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 1. They decided to dissolve the firm on 31st March, 2023. On this date, the firm had debtors amounting to ₹ 3,00,000 and provision for doubtful debts of ₹ 30,000. On dissolution, debtors for ₹ 20,000 proved bad and the remaining debtors realised 90%. Amount realised from the debtors will be : *1*

(A) ₹ 3,00,000

(B) ₹ 2,25,000

(C) ₹ 2,80,000

(D) ₹ 2,52,000

**11.** (a) Hema and Tara were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 3. They admitted Ojas as a new partner. Hema surrendered $\frac{1}{3}$rd of her share and Tara surrendered $\frac{1}{2}$ of her share in favour of Ojas. The new profit sharing ratio of Hema, Tara and Ojas will be : *1*

(A) 8 : 9 : 13 (B) 3 : 2 : 5

(C) 2 : 3 : 5 (D) 2 : 3 : 25

**OR**

(b) Aaroh, Bhuvan and Charu were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 1 : 2 : 6. Charu died. Aaroh and Bhuvan acquired Charu's share in the ratio of 2 : 1. The new profit sharing ratio between Aaroh and Bhuvan after Charu's death will be : *1*

(A) 2 : 1 (B) 1 : 2

(C) 5 : 4 (D) 4 : 5

**12.** (a) Shrikant and Ajay were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3. Shrikant withdrew ₹ 10,000 in the beginning of each quarter during the year ended 31st March, 2023. Interest on Shrikant's drawings @ 6% p.a for the year ended 31st March, 2023 will be : *1*

(A) ₹ 2,400 (B) ₹ 1,200

(C) ₹ 1,500 (D) ₹ 900

**OR**



ZOLLEGE

(ख) आभा, मंजू एवं रिया एक फर्म में साझेदार थीं तथा 3 : 3 : 4 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं। 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान रिया ने प्रत्येक अर्ध वर्ष के प्रारंभ में ₹ 30,000 का आहरण किया। 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष में 10% वार्षिक दर से रिया के आहरण पर ब्याज होगा : *1*

(A) ₹ 6,000 (B) ₹ 4,500

(C) ₹ 3,000 (D) ₹ 1,500

**13.** मनु, सोनू तथा राहुल एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 1 अप्रैल, 2023 से उन्होंने लाभ तथा हानियों को 3 : 2 : 1 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया। उनका स्थिति विवरण ₹ 84,000 का कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय दर्शा रहा था। कर्मचारी क्षतिपूर्ति के लिए ₹ 75,000 के दावे का अनुमान लगाया गया। उपर्युक्त लेनदेन के प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए रोज़नामचा प्रविष्टि होगी : *1*

| | तिथि | विवरण | डेबिट राशि (₹) | क्रेडिट राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | | कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय खाता नाम | 84,000 | |
| | | कर्मचारी क्षतिपूर्ति दावे खाते से | | 75,000 |
| | | मनु के पूँजी खाते से | | 4,000 |
| | | सोनू के पूँजी खाते से | | 3,000 |
| | | राहुल के पूँजी खाते से | | 2,000 |
| (B) | | कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय खाता नाम | 84,000 | |
| | | कर्मचारी क्षतिपूर्ति दावे खाते से | | 75,000 |
| | | मनु के पूँजी खाते से | | 4,500 |
| | | सोनू के पूँजी खाते से | | 3,000 |
| | | राहुल के पूँजी खाते से | | 1,500 |
| (C) | | मनु का पूँजी खाता नाम | 500 | |
| | | राहुल के पूँजी खाते से | | 500 |
| (D) | | कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय खाता नाम | 84,000 | |
| | | कर्मचारी क्षतिपूर्ति दावे खाते से | | 75,000 |
| | | मनु के पूँजी खाते से | | 3,000 |
| | | सोनू के पूँजी खाते से | | 3,000 |
| | | राहुल के पूँजी खाते से | | 3,000 |



ZOLLEGE

(b) Abha, Manju and Rhea were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 3 : 4. During the year ended 31st March, 2023, Rhea withdrew ₹ 30,000 at the beginning of each half year. Interest on Rhea's drawings @ 10% p.a. for the year ended 31st March, 2023 will be : *1*

(A) ₹ 6,000 (B) ₹ 4,500

(C) ₹ 3,000 (D) ₹ 1,500

**13.** Manu, Sonu and Rahul were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 2. With effect from 1st April, 2023, they decided to share profits and losses in the future in the ratio of 3 : 2 : 1. Their Balance Sheet showed Workmen Compensation Reserve of ₹ 84,000. The claim on account of Workmen Compensation is estimated at ₹ 75,000. The journal entry to give effect to the above transaction will be : *1*

| | Date | Particulars | Dr Amount (₹) | Cr Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | | Workmen Compensation Reserve A/c Dr | 84,000 | |
| | | To Workmen Compensation Claim A/c | | 75,000 |
| | | To Manu's Capital A/c | | 4,000 |
| | | To Sonu's Capital A/c | | 3,000 |
| | | To Rahul's Capital A/c | | 2,000 |
| (B) | | Workmen Compensation Reserve A/c Dr | 84,000 | |
| | | To Workmen Compensation Claim A/c | | 75,000 |
| | | To Manu's Capital A/c | | 4,500 |
| | | To Sonu's Capital A/c | | 3,000 |
| | | To Rahul's Capital A/c | | 1,500 |
| (C) | | Manu's Capital A/c Dr | 500 | |
| | | To Rahul's Capital A/c | | 500 |
| (D) | | Workmen Compensation Reserve A/c Dr | 84,000 | |
| | | To Workmen Compensation Claim A/c | | 75,000 |
| | | To Manu's Capital A/c | | 3,000 |
| | | To Sonu's Capital A/c | | 3,000 |
| | | To Rahul's Capital A/c | | 3,000 |



ZOLLEGE

**14.** *अभिकथन (A) :* 'स्थायी पूँजी विधि' में साझेदारों के चालू खाते बनाए जाते हैं जो नाम शेष भी दर्शा सकते हैं और जमा शेष भी ।

*कारण (R) :* 'स्थायी पूँजी विधि' में सभी मदों जैसे लाभ या हानि का भाग, पूँजी पर ब्याज, आहरण, आहरण पर ब्याज आदि का लेखा साझेदारों के पूँजी खातों में किया जाता है ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) सही नहीं है ।

(D) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।

**15.** सीमा तथा लक्ष एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 2,00,000 तथा ₹ 1,80,000 थी । 1 अप्रैल, 2023 को उन्होंने भावी लाभों में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए आदी को एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया । आदी अपनी पूँजी के भाग के रूप में ₹ 1,50,000 लाया । आदी के प्रवेश पर फर्म की ख्याति होगी : *1*

(A) ₹ 7,50,000

(B) ₹ 2,20,000

(C) ₹ 3,70,000

(D) ₹ 1,50,000

**16.** गीता तथा हरी एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । कृष को फर्म के लाभों में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया जो उसने गीता तथा हरी से 2 : 3 के अनुपात में अधिग्रहित किया । कृष अपनी पूँजी के भाग के रूप में ₹ 1,00,000 तथा ख्याति प्रीमियम के रूप में ₹ 50,000 नगद लाया । गीता तथा हरी का त्याग अनुपात होगा : *1*

(A) 3 : 2 (B) 1 : 1

(C) 2 : 3 (D) 13 : 7



ZOLLEGE

**14.** *Assertion (A) :* Partners' current accounts maintained under 'Fixed Capital Method' may show a debit or a credit balance.

*Reason (R) :* In the 'Fixed Capital Method', all items like share of profit or loss, interest on capital, drawings, interest on drawings etc. are recorded in the partners' capital accounts.

Choose the correct option from the following : *1*

(A) Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is not correct.

(D) Both Assertion (A) and Reason (R) are not correct.

**15.** Seema and Laksh were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. Their capitals were ₹ 2,00,000 and ₹ 1,80,000 respectively. They admitted Aadi as a new partner on 1$^{st}$ April, 2023 for $\frac{1}{5}^{th}$ share in future profits. Aadi brought ₹ 1,50,000 as his share of capital. The goodwill of the firm on Aadi's admission will be : *1*

(A) ₹ 7,50,000

(B) ₹ 2,20,000

(C) ₹ 3,70,000

(D) ₹ 1,50,000

**16.** Geeta and Hari were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. Krish was admitted as a new partner for $\frac{1}{5}^{th}$ share in profits of the firm which he acquired from Geeta and Hari in the ratio of 2 : 3. Krish brought ₹ 1,00,000 as his share of capital and ₹ 50,000 as premium for goodwill in cash. The sacrificing ratio of Geeta and Hari will be : *1*

(A) 3 : 2 (B) 1 : 1

(C) 2 : 3 (D) 13 : 7



ZOLLEGE

**17.** संगीत, अंजू तथा शिवा एक फर्म में साझेदार थे तथा लाभ-हानि का विभाजन 3 : 4 : 5 के अनुपात में करते थे । 31 जुलाई, 2023 को संगीत की मृत्यु हो गई । मृत्यु की तिथि तक फर्म के लाभों में संगीत के भाग की गणना विक्रय के आधार पर की जाएगी । 2022 – 2023 वर्ष के दौरान विक्रय की राशि ₹ 40,00,000 थी तथा 1 अप्रैल, 2023 से 31 जुलाई, 2023 तक विक्रय ₹ 10,00,000 था । 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष का लाभ ₹ 4,00,000 था ।

मृत्यु की तिथि तक लाभ में संगीत के भाग की गणना कीजिए तथा फर्म की पुस्तकों में इसके लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । अपने कार्य को स्पष्टता से दर्शाइए । *3*

**18.** सुमन और धवन की फर्म का पिछले पाँच वर्षों का औसत लाभ ₹ 6,00,000 था । इसी प्रकार के व्यवसाय में प्रतिफल की सामान्य दर 10% है । फर्म की ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभ की पूँजीकरण विधि द्वारा ₹ 40,00,000 किया गया । फर्म द्वारा विनियोजित पूँजी की राशि की गणना कीजिए । *3*

**19.** (क) सुमी लिमिटेड ने पंडोरा लिमिटेड से ₹ 8,00,000 की परिसम्पत्तियों तथा ₹ 2,00,000 के विविध लेनदारों का अधिग्रहण ₹ 9,00,000 के क्रय मूल्य पर किया । भुगतान ₹ 4,60,000 का एक चैक निर्गमित करके तथा शेष के लिए ₹ 100 प्रत्येक के 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर करके किया गया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए सुमी लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) गुंडोला लिमिटेड ने एके लिमिटेड से ₹ 9,00,000 की परिसम्पत्तियों तथा ₹ 3,00,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 14,00,000 के सहमत क्रय मूल्य पर किया । भुगतान ₹ 5,00,000 के एक बैंक ड्राफ्ट द्वारा तथा शेष के लिए 10% की छूट पर 8% ऋणपत्रों के निर्गमन द्वारा किया गया ।

उपर्युक्त लेनदेन के लिए गुंडोला लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**20.** (क) मिशा तथा प्रिशा एक फर्म में साझेदार थीं तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं । 1 अप्रैल, 2022 को उनके पूँजी खाते क्रमशः ₹ 50,000 तथा ₹ 30,000 के शेष दर्शा रहे थे । वर्ष के दौरान मिशा ने ₹ 12,900, जबकि प्रिशा ने ₹ 9,600 का आहरण किया । उन्हें 10% वार्षिक दर से पूँजी पर ब्याज अनुमत किया गया था । मिशा के आहरण पर ₹ 660 का ब्याज तथा प्रिशा के आहरण पर ₹ 540 का ब्याज प्रभारित किया गया । 1 अगस्त, 2022 को प्रिशा ने फर्म को ₹ 20,000 का ऋण दिया । 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष का शुद्ध लाभ ₹ 22,600 था ।

31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष का लाभ-हानि विनियोग खाता तैयार कीजिए । *3*

**अथवा**



ZOLLEGE

**17.** Sangeet, Anju and Shiva were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 4 : 5. Sangeet died on 31st July, 2023. Sangeet's share in the profits of the firm till the date of death was to be calculated on the basis of sales. Sales during the year 2022 – 23 were ₹ 40,00,000 and sales from 1st April, 2023 to 31st July, 2023 were ₹ 10,00,000. The profit for the year ended 31st March, 2023 was ₹ 4,00,000.

Calculate Sangeet's share of profit up to the date of death and pass the necessary journal entry for the same in the books of the firm. Show your workings clearly. *3*

**18.** The average profit for last five years of a firm of Suman and Dhawan was ₹ 6,00,000. The normal rate of return in a similar business is 10%. Goodwill of the firm is valued at ₹ 40,00,000 calculated by capitalisation of super profit. Find out the amount of capital employed by the firm. *3*

**19.** (a) Sumi Ltd. acquired assets of ₹ 8,00,000 and took over sundry creditors of ₹ 2,00,000 from Pandora Ltd. for a purchase consideration of ₹ 9,00,000. The payment was made by issuing a cheque of ₹ 4,60,000 and remaining by issue of 9% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Sumi Ltd. *3*

**OR**

(b) Gundola Ltd. took over assets of ₹ 9,00,000 and liabilities of ₹ 3,00,000 from AK Ltd. for an agreed purchase consideration of ₹ 14,00,000. The payment was made through a bank draft of ₹ 5,00,000 and the remaining by issue of 8% Debentures at a discount of 10%.

Record necessary journal entries in the books of Gundola Ltd. for the above transactions. *3*

**20.** (a) Misha and Prisha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. On 1st April, 2022, their capital accounts showed balances of ₹ 50,000 and ₹ 30,000 respectively. During the year, Misha withdrew ₹ 12,900 while Prisha withdrew ₹ 9,600. They were allowed interest on capital @ 10% p.a. Interest on drawings of ₹ 660 was charged on Misha's drawings and ₹ 540 on Prisha's drawings. Prisha had advanced a loan of ₹ 20,000 to the firm on 1st August, 2022. The net profit for the year ended 31st March, 2023 amounted to ₹ 22,600.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account for the year ended 31st March, 2023. *3*

**OR**



ZOLLEGE

(ख) 31 मार्च, 2023 को आहरण व शुद्ध लाभ के सम्बन्ध में सभी आवश्यक समायोजन करने के पश्चात् राघव तथा दिया की पूँजी क्रमशः ₹ 4,00,000 तथा ₹ 3,00,000 थी । बाद में यह ज्ञात हुआ कि 10% वार्षिक दर से पूँजी पर ब्याज नहीं दिया गया । 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष का शुद्ध लाभ ₹ 1,00,000 था ।

31 मार्च, 2023 वर्ष के दौरान, राघव के आहरण प्रत्येक माह के आरम्भ में ₹ 2,000, जबकि दिया के आहरण प्रत्येक तिमाही के आरम्भ में ₹ 3,000 थे । आवश्यक समायोजन प्रविष्टि कीजिए । *3*

**21.** श्री गंगा लिमिटेड ₹ 10 प्रत्येक के समता अंशों/शेयरों में विभक्त ₹ 7,00,000 की अधिकृत पूँजी के साथ पंजीकृत थी । इसने जनता को अभिदान के लिए 50,000 समता अंश/शेयर प्रस्तुत किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन पर | : | ₹ 4 प्रति अंश/शेयर |
| आबंटन पर | : | ₹ 4 प्रति अंश/शेयर |
| प्रथम एवं अंतिम याचना पर | : | शेष |

निर्गम पूर्ण रूप से अभिदत्त हुआ । 4,000 समता अंशों/शेयरों पर प्रथम एवं अंतिम याचना राशि के अतिरिक्त सभी राशियाँ विधिवत् प्राप्त हो गईं ।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III, भाग I के अनुसार कम्पनी के स्थिति विवरण में अंश/शेयर पूँजी को दर्शाइए । इसी के लिए 'खातों के नोट्स' भी तैयार कीजिए । *4*

**22.** फ्रैंक, जॉर्ज तथा हेमन्त एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते थे । 1 अप्रैल, 2023 से उन्होंने लाभ-विभाजन अनुपात को 2 : 5 : 3 में परिवर्तित करने का निर्णय लिया । 31 मार्च, 2023 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

**31 मार्च, 2023 को फ्रैंक, जॉर्ज तथा हेमन्त का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | भूमि | 5,00,000 |
| फ्रैंक | 4,00,000 | | भवन | 3,00,000 |
| जॉर्ज | 3,00,000 | | मशीनरी | 2,00,000 |
| हेमन्त | 2,00,000 | 9,00,000 | स्टॉक | 1,50,000 |
| लेनदार | | 5,00,000 | देनदार | 2,50,000 |
| कर्मचारी भविष्य निधि | | 1,00,000 | रोकड़ | 3,00,000 |
| सामान्य संचय | | 2,00,000 | | |
| | | 17,00,000 | | 17,00,000 |



ZOLLEGE

(b) On 31$^{st}$ March, 2023, the capitals of Raghav and Diya stood at ₹ 4,00,000 and ₹ 3,00,000 respectively, after the necessary adjustment in respect of drawings and net profit. Subsequently, it was discovered that interest on capital @ 10% p.a had been omitted. The Net Profit for the year ended 31$^{st}$ March, 2023 amounted to ₹ 1,00,000.

